FORTUNAPR

Publication	Daily News	Date	6-8-2017	Page No.	09
Client Name	Kamdhenu	Edition	Jaipur		

कामधेनू ने राज्य में लॉन्च किया 'कामधेनू नेक्स्ट' टीएमटी बार

डेली न्यूज, जयपुर। कामधेनू लिमिटेड ने राज्य में नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनू नेक्स्ट' को लॉन्च किया। कामधेनू लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल एवं कंपनी के वरिष्ठ जनरल मैनेजर (मार्केटिंग) दिलीप मेहरा ने इस नए उत्पाद को पेश किया। इस अवसर पर कामधेनु ब्रांड टीएमटी की अधिकृत विनिर्माण इकाइयों मैसर्स अमर प्रताप स्टील, लक्ष्मण वीर स्टील्स और प्रेम जैन इस्पात उद्योग के निदेशकों सहित राज्य के 300 से ज्यादा डीलर इस अवसर पर मौजूद थे।

अग्रवाल ने बताया कि कामधेनू नेक्स्ट एक अत्याधुनिक उत्पाद है, जो अन्य के मुकाबले 2.5 गुना मजबूत कॉन्क्रीट-स्टील इंटरलॉक बनाता है और इस वजह से यह आधुनिक व स्मार्ट निर्माणकला एवं अवधारणाओं के लिए सर्वोत्तम है। कंपनी ने इस उत्पाद के निर्माण के लिए यूके की कंपनी के साथ करार किया है। यह 12 से 25 इंच की साइज में उपलब्ध है जिनकी शुरुआती कीमत 39,200 रुपए प्रति टन है। कंपनी ने इस साल 20 से 25 फीसदी वृद्धि का लक्ष्य रखा है। कामधेनू नेक्स्ट का शानदार डिजाइन कॉन्क्रीट मिक्स के साथ बेहतर इंटरलॉक बनाकर इमारत को मजबूती देता है।